भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

आतारांकित प्रश्न सं. 2834

बुधवार, दिनांक 05 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>आंध्र प्रदेश में पीएम-एसजीएमबीवाई के अंतर्गत सूचीबद्ध विक्रेता</u>

2834. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएम-एसजीएमबीवाई) के अंतर्गत राज्य-वार एवं वर्ष-वार तथा आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार कुल कितने परिवारों द्वारा आवेदन किया गया, कितने आवेदन स्वीकृत किए गए और कितने घरों में छत पर सौर संयंत्र लगाने का कार्य पूर्ण किया गया है;

(ख) उक्त राजसहायता के लिए पात्र परिवारों तथा आंध्र प्रदेश के लिए राज्य-वार एवं जिला-वार ऐसे परिवारों की संख्या कितनी है जिन्हें राजसहायता जारी कर दी गई है;

(ग) आंध्र प्रदेश में उक्त योजना के अंतर्गत जिला-वार सूचीबद्ध पंजीकृत विक्रेताओं की संख्या कितनी है;

(घ) आंध्र प्रदेश के लिए उक्त योजना के अंतर्गत कार्य कर रहे एकल-राज्य विक्रेताओं की जिला-वार संख्या कितनी है; और

(ङ.) विक्रेताओं की उपलब्धता, स्थापना में विलंब, राजसहायता संवितरण या उपभोक्ताओं को जोड़ने सहित पीएम-एसजीएमबीवाई के कार्यान्वयन में दर्ज की गई समस्याओं या बाधाओं का ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): फरवरी 2024 में शुरू की गई पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी: एमबीवाई) एक मांग-संचालित योजना है, जिसमें आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश के सभी आवासीय उपभोक्ता, जिनके पास स्थानीय डिस्कॉम के साथ ग्रिड से जुड़ा बिजली कनेक्शन है, योजना के राष्ट्रीय पोर्टल (www.pmsuryaghar.gov.in) पर आवेदन करके रूफटॉप सौर प्रणाली (आरटीएस) की स्थापना हेतु योजना का लाभ उठा सकते हैं ।

इस योजना के तहत, फरवरी 2024 में इसकी शुरुआत से कुल 76,81,382 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 41,19,791 आरटीएस प्रणाली स्थापित की गई हैं, जिससे 49,62,050 परिवार लाभान्वित हुए हैं और दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार, देश भर में केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के रूप में 27,855.99 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

आंध्र प्रदेश राज्य में, कुल 9,04,508 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 2,66,417 रूफटॉप सौर प्रणालियां (आरटीएस) स्थापित की गई हैं, जिससे 2,70,932 परिवार लाभान्वित हुए हैं और दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार, इस योजना के तहत केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के रूप में 1,512.61 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ग) और (घ) आंध्र प्रदेश राज्य में पीएमएसजी: एमबीवाई के तहत पंजीकृत वेंडरों (राष्ट्रीय/बहुराज्य/एकल राज्य सहित) का जिलावार ब्यौरा अनुलग्नक-III में दिया गया है।

(ङ) पीएमएसजी एमबीवाई के अंतर्गत नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को पैनल में शामिल विक्रेताओं, संस्थापना और सब्सिडी संवितरण में विलंब के संबंध में कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं। ऐसी शिकायतों के समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित विक्रेताओं, डिस्कॉमों और अन्य प्राधिकारियों के समक्ष उठाया जाता है। योजना के तहत कार्यान्वयन में सुधार और समय पर स्थापना तथा सब्सिडी वितरण सुनिश्चित करने के लिए किए गए विभिन्न सुधारात्मक उपाय निम्नानुसार हैं:

- राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण से लेकर आवासीय उपभोक्ता के बैंक खाते में सब्सिडी के सीधे वितरण तक की ऑनलाइन प्रक्रिया। राष्ट्रीय पोर्टल पर सभी सूचनाएं सही ढंग से भरे जाने के बाद, उपभोक्ता द्वारा सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए अनुरोध किए जाने के बाद सीएफए जारी करने में लगने वाला औसत समय लगभग 15 दिन है।
- राष्ट्रीयकृत बैंकों से रेपो रेट प्लस 50 बीपीएस अर्थात् वर्तमान के लिए 5.75 प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर पर 10 वर्ष की अवधि के लिए कोलेट्रल-फ्री ऋण की उपलब्धता।
- तकनीकी व्यवहार्यता आवश्यकता को माफ करके और 10 किलोवाट तक ऑटो लोड वृद्धि की शुरुआत करके विनियामक अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया।
- नेट मीटरिंग करार को राष्ट्रीय पोर्टल में आवेदन का हिस्सा बना दिया गया है, जिससे एक अलग करार पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है।
- वेंडरों के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है ताकि पर्याप्त और योग्य वेंडर उपलब्ध हो सकें।

- कुशल मेनपावर तैयार करने के लिए क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन के प्रकाशन, टी.वी. विज्ञापन अभियानों, एफएम स्टेशनों सहित क्षेत्रीय चैनलों पर रेडियो अभियानों आदि के माध्यम से देश में जागरुकता और आउटरीच कार्यक्रम द्वारा योजना के बारे में जागरुकता पैदा की जा रही है।
- राज्यों/डिस्कॉमों सहित विभिन्न स्तरों पर योजना की नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है।
- समय-समय पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं।
- शिकायतों के समयबद्ध तरीके से समाधान के लिए शिकायत समाधान तंत्र स्थापित किया गया है। टेलीफोन नंबर 15555 वाला कॉल सेंटर 12 भाषाओं में कार्यरत है।

इसके अलावा, एमएनआरई और आरईसी लिमिटेड, पीएमएसजी: एमबीवाई के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (एनपीआईए) के रूप में, योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सभी डिस्कॉम के साथ निकट समन्वय में कार्य करते हैं।

अनुलग्नक-I

'आंध्र प्रदेश में पीएम-एसजीएमबीवाई के अंतर्गत सूचीबद्ध विक्रेता' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2834 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

देश भर में एमबीवाई:पीएमएसजी के तहत हुई प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्षवार विवरण: (दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र सं	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	आवेदन (संख्या)	स्थापनाएं (संख्या)	शामिल किए गए घर (संख्या)	जारी की गई सब्सिडी (करोड़ रु.)
1	गुजरात	1171567	773369	1117773	5623.58
2	महाराष्ट्र	1450141	702461	1091035	5065.29
3	उत्तर प्रदेश	1170693	715951	723615	4728.24
4	केरलम्	421734	310544	317390	2073.80
5	राजस्थान	455535	277861	286975	1845.12
6	आंध्र प्रदेश	904508	266417	270932	1512.61
7	मध्य प्रदेश	224600	158323	163708	1115.15
8	असम	441052	162688	163269	1166.59
9	ओडिशा	299481	153684	154776	719.23
10	हरियाणा	193038	117135	127065	741.13
11	तमिलनाडु	105040	87039	103004	583.61
12	उत्तराखंड	142028	97219	97583	751.44
13	छत्तीसगढ	193312	84677	87171	512.52
14	तेलंगाना	86897	55596	71367	331.81
15	जम्मू और कश्मीर	86287	39415	39568	299.30
16	कर्नाटक	56257	23185	35683	165.18
17	बिहार	90328	24774	25416	163.09
18	पंजाब	26904	17487	17496	112.62
19	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	53987	10748	15729	72.48
20	हिमाचल प्रदेश	17352	11992	12025	87.00
21	मेघालय	1008	61	9307	0.33
22	पुदुचेरी	6532	4873	4950	31.57
23	गोवा	4567	3386	4627	22.76
24	त्रिपुरा	7922	4519	4531	32.79
25	पश्चिम बंगाल	44524	3403	3818	9.93
26	झारखंड	10376	3331	3561	21.62
27	लद्दाख	2647	2050	2050	15.21
28	मणिपुर	3307	1571	1571	11.48
29	चंडीगढ़	1632	1386	1386	8.39

30	मिजोरम	1509	1367	1370	10.64
31	लक्षद्वीप	1394	1199	1199	9.88
32	डीएनएच और डीडी	3422	1156	1156	5.58
33	नगालैंड	889	449	449	2.96
34	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	677	415	435	2.66
35	सिक्किम	158	59	59	0.38
36	अरुणाचल प्रदेश	77	1	1	0.01
	कुल	**76,81,382**	**41,19,791**	**49,62,050**	**27,855.99**

अनुलग्नक-II

'आंध्र प्रदेश में पीएम-एसजीएमबीवाई के अंतर्गत सूचीबद्ध विक्रेता' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2834 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश राज्य में पीएमएसजी: एमबीवाई के तहत हुई प्रगति का ज़िलेवार और वर्ष-वार विवरण (दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	जिला	13.02.2024 to 31.12.2024				01.01.2025 to 31.12.2025				01.01.2026 to 31.07.2026			
		आवेदनों की संख्या	स्थापनाओं की संख्या	लाभान्वित घरों की संख्या	जारी की गई सब्सिडी की राशि (रु. करोड़ में)	आवेदनों की संख्या	स्थापनाओं की संख्या	लाभान्वित घरों की संख्या	जारी की गई सब्सिडी की राशि (रु. करोड़ में)	आवेदनों की संख्या	स्थापनाओं की संख्या	लाभान्वित घरों की संख्या	जारी की गई सब्सिडी की राशि (रु. करोड़ में)
1	अल्लूरी सीताराम राजू	46	3	3	0.01	177	25	25	0.12	19,213	4,738	4,738	14.9
2	अनकापल्ली	1,099	329	329	1.49	6,094	3,481	3,578	23.03	20,082	7,402	7,451	36.4
3	अनंतपुरमु	858	310	310	1.5	3,062	1,744	1,744	12.58	22,459	5,737	5,737	28.24
4	अन्नमय्या	309	110	110	0.53	3,218	1,169	1,169	7.87	18,371	5,189	5,199	27.58
5	बापतला	1,129	331	331	1.73	7,850	3,742	3,868	26.66	35,035	7,668	7,768	36.04
6	चित्तूर	425	142	142	0.74	2,906	1,006	1,006	6.07	37,412	4,656	4,656	16.89
7	पूर्वी गोदावरी	1,291	621	621	2.86	6,262	4,109	4,109	29.19	28,489	8,067	8,133	43.99
8	एलुरु	2,007	521	521	2.07	10,068	5,427	5,427	38.84	36,288	11,470	11,532	67.68
9	गुंटूर	2,562	633	658	3.31	9,653	5,375	5,755	38.85	43,393	9,403	9,756	53.28
10	काकीनाडा	1,203	524	524	2.28	8,886	4,541	4,541	31.55	24,200	7,648	7,691	45.01
11	कोनासीमा	402	146	146	0.67	3,856	2,359	2,359	15.85	27,174	4,314	4,314	25.3
12	कृष्ण	1,704	545	545	2.67	6,926	4,244	4,361	31.41	30,512	7,137	7,262	39.91
13	कुरनूल	638	189	189	1.01	3,569	1,597	1,597	10.5	25,487	7,606	7,745	40.77

14	नांदयाल	418	84	84	0.27	4,398	2,269	2,269	15.39	31,402	3,236	3,276	20.94
15	एनटीआर	1,277	393	393	2.12	7,368	3,789	4,339	26.34	26,969	5,251	5,446	31.36
16	पलनाडु	659	179	179	0.74	5,574	2,269	2,269	15.62	36,402	9,185	9,185	46.72
17	पार्वतीपुरम मन्यम	131	31	31	0.09	2,173	1,183	1,183	7.43	16,762	2,069	2,069	11.34
18	प्रकाशम	1,365	376	376	1.64	5,413	3,484	3,532	24.76	35,936	8,689	8,698	42.54
19	श्रीकाकुलम	843	291	291	1.28	6,466	4,054	4,054	27.41	26,020	7,717	7,717	37.34
20	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	873	324	324	1.74	5,330	3,251	3,251	22.43	46,610	12,962	12,962	61.54
21	श्री सत्य साईं	279	82	82	0.48	1,582	639	639	4.16	17,942	5,042	5,061	18.1
22	तिरुपति	1,793	317	317	1.97	4,690	2,930	2,944	16.28	45,384	8,818	8,818	45.9
23	विशाखापत्तनम	1,583	761	978	3.97	5,987	3,962	5,026	28.94	10,282	5,891	6,434	38.63
24	विजयनगरम	991	346	346	1.52	5,622	4,011	4,011	26.81	23,335	6,609	6,611	35.93
25	पश्चिम गोदावरी	1,068	519	519	2.25	5,737	3,818	3,837	27.28	29,405	7,777	7,782	38.81
26	वाईएसआर	605	231	231	1.23	3,194	1,511	1,580	10.42	28,325	7,809	7,838	41.5
	कुल	**25558**	**8338**	**8580**	**40.17**	**136061**	**75989**	**78473**	**525.79**	**742889**	**182090**	**183879**	**946.64**

<u>अनुलग्नक-III</u>

'<u>आंध्र प्रदेश में पीएम-एसजीएमबीवाई के अंतर्गत सूचीबद्ध विक्रेता</u>' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2834 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश में PMSG: MBY के तहत पैनल में शामिल वेंडर्स की ज़िलेवार जानकारी

क्र.सं.	ज़िला	कुल रजिस्टर्ड वेंडर (नेशनल / मल्टी स्टेट / स्टेट)	कुल एकल राज्य वेंडर (संख्या)
1	अल्लूरी सीताराम राजू	1,672	1,444
2	अनकापल्ली	1,705	1,478
3	अनंतपुर	742	605
4	अनंतपुरमु	1,629	1,404
5	अन्नमय्या	1,641	1,413
6	बापतला	1,634	1,406
7	चित्तूर	1,648	1,419
8	पूर्वी गोदावरी	1,718	1,488
9	एलुरु	1,697	1,465
10	गुंटूर	1,663	1,432
11	काकीनाडा	1,708	1,479
12	कोनासीमा	1,686	1,458
13	कृष्ण	1,665	1,435
14	कुरनूल	1,642	1,412
15	नांदयाल	1,636	1,407
16	एनटीआर	1,653	1,422
17	पलनाडु	1,624	1,394
18	पार्वतीपुरम मान्यम	1,678	1,449
19	प्रकाशम	1,639	1,409
20	श्रीकाकुलम	1,699	1,471
21	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	1,628	1,402
22	श्री सत्य साईं	1,630	1,402
23	तिरुपति	1,647	1,418
24	विशाखापत्तनम	1,736	1,506
25	विजयनगरम	1,714	1,485
26	पश्चिम गोदावरी	1,707	1,475
27	वाईएसआर	1,643	1,414

नोट:- वेंडर्स के पास राज्य के एक या कई जिलों में काम करने का विकल्प है।

****